# इण्टरमीडिएट परीक्षा, 2013

## सामान्य हिन्दी–द्वितीय प्रश्नपत्र

**समय : 3 घण्टे, 15 मिनट]** **305 (AW)** **[पूर्णांक : 50**

**निर्देश**–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**1.** निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

(क) अस्योपत्यकायां विद्यमानः कश्मीरो देशः स्वकीयाभिः सुषमाभि भूस्वर्ग इति संज्ञया अभिहितो भवति लोके, तस्य पूर्वस्यां दिशि स्थितः किन्नरदेशो देवभूमिनाम्ना प्राचीनसाहित्ये प्रसिद्धः आसीत्। अद्यापि 'कुलूघाटी' इति नाम्ना प्रसिद्धोअयं प्रदेशः रमणीयतया केषां मनो न हरति। शिमला-देहरादूनं-मसूरी-नैनीताल-प्रभृतीनि नगराणि देशस्य सम्पन्नान् जनान् ग्रीष्मर्तौ बलादिव भ्रमणाय आकर्षयन्ति। एभ्योअपि पूर्वस्मिन् भागे-अपिस्थितः रमणीयतमः प्रदेशः कामरूपतया 'कामरूप' इति संज्ञया अभिधीयते। *अथवा*

'दिल्लीं चलत, दिल्लीं नातिदूरे वर्तते' इत्येतैः सुभाषस्य प्रोत्साहनवचनैः सैनिकाः दिल्लीं प्रति प्रस्थिताः। एतदन्तरे एव दुर्भाग्यवशात् जयपाणिदेशस्य पराजयात् सुभाषस्य सर्वे सैनिकाः आङ्ग्लशासकैः बन्दीकृताः। अस्य वीरवरस्य स्वातन्त्र्यप्राप्तेः कामना सप्त-चत्वारिंशदुत्तरै-कोनविंशतितमेऽब्दे अगस्तस्य पञ्चदशतिथौपूर्ण जाता। अद्यास्मांक मध्येऽनुपस्थितोऽपि सुभाषः 'कीर्तिर्यस्य स जीवति' इत्युकत्या सदैवामरः इति सुनिश्चितम्।

(ख) नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।। *अथवा*

प्रीणाति य सुचरितैः पितरं स पुत्रो
यद् भर्तुरेव हितमिच्छति तत् कलत्रम्।
तन्मित्रमापदि सुखे च समक्रियं यद्
एतत्त्रयं जगति पुण्य कृतो लभन्ते।।

**2.** निम्नलिखित सूक्तियों में से किसी **एक** सूक्ति की सन्दर्भ सहित हिन्दी में व्याख्या कीजिए : 4

(अ) प्रत्यासन्नेअपि मरणे रक्षोपाये विधीयते।
(ब) प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः।
(स) भाषासु मुख्या मधुरा दिव्या गीर्वाण भारती।

**3.** निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किन्हीं **दो** के अर्थ लिखिए और वाक्य प्रयोग कीजिए : 4

(i) अपना उल्लू सीधा करना। (ii) मुट्ठी गरम करना। (iii) टोपी उछालना। (iv) आधी छोड़ सारी को धावे, आधी मिले न सारी पावै। (v) कहाँ राजा भोज, कहाँ गंगू तेली। (vi) हर्र लगे न फिटकरी, रंग भी चोखा होय।

**4.** (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कर लिखिए: 3

(i) 'पित्राज्ञा' का सन्धि विच्छेद है
(अ) पित्र + आज्ञा (ब) पित्रा + अज्ञा (स) पितृ + आज्ञा (द) पित्रि + आज्ञा।

(ii) 'प्रत्युत्तर' का सन्धि विच्छेद है
(अ) प्रत + उत्तर (ब) प्रति + उत्तर (स) प्रती + उत्तर (द) प्रति + उतर।

(iii) 'नायकः' का सन्धि-विच्छेद है
(अ) ने + अकः (ब) नै + यकः (स) न + आयकः (द) नै + अकः।

(ख) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए: 2

(i) निर्वाण-निर्माण
(अ) मृत्यु और बनावट (ब) वाणरहित और माणरहित
(स) मोक्ष और रचना (द) रचना और मोक्ष।

(ii) द्विप-द्वीप
(अ) ब्राहमण-हाथी (ब) हाथी और टापू
(स) टापू और हाथी (द) चांटी और दीपक।

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द के **दो** अर्थ लिखिए : 2
(i) अग्नि (ii) नदी (iii) अम्बर।

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं **दो** के **एक-एक** शब्द लिखिए : 2
(i) व्यर्थ ही बहुत बातें बोलने वाला।
(ii) जिससे इस पार से उस पार की वस्तुएँ दिखायी देती हैं।
(iii) जिसका कोई पालन-पोषण करने वाला न हो।
(iv) जो क्रमबद्ध इतिहास लिखे जाने के युग से पूर्व का हो।
(v) जो कठिनाई से मिलता हैं।

(ङ) निम्नलिखित शब्द रूपों में से किसी **एक** का वचन और विभक्ति लिखिए : 2
(i) आत्मनि (ii) सरित्सु (iii) नाम्ने।

(च) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2
(i) कृपया कर यह पत्र लिख दें। (ii) मुझे तीस रुपया चाहिए।
(iii) आज रविवार का दिन है।

**5.** (क) शान्त रस **अथवा** करुण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2
(ख) श्लेष **अथवा** सन्देह अलंकार का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2
(ग) कुण्डलिया **अथवा** चौपाई छन्द का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2

**6.** समाचार पत्र में दिए गए विज्ञापन के आधार पर सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति हेतु अपने जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को एक आवेदन पत्र लिखिए। *अथवा* अपने निकटस्थ बैंक के शाखा प्रबन्धक के नाम एक प्रार्थनापत्र लिखिए, जिसमें अपनी निजी रोजगार के लिए ऋण लेने का निवेदन किया गया हो। 6

**7.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : 9

(i) मेरा प्रिय साहित्यकार (ii) नर हो न निराश करो मन को। (iii) विद्यालय में क्रीड़ा-शिक्षा का महत्व। (iv) भ्रष्टाचार नियन्त्रण में युवावर्ग का योगदान। (v) कम्प्यूटर-प्रयोग से लाभ तथा हानि।